मुजफ्फरनगर डिस्ट्रिक्ट को–आपरेटिव बैंक लि0, मुजफ्फरनगर

दिनांक 29/11/25

पत्रांक टी-325/लेखा/2025–26

समस्त शाखा प्रबन्धक
जिला सहकारी बैंक लि0,
मुजफ्फरनगर।

विषयः–सावधि निक्षेपों पर ब्याज दर संशोधन विषयक।

उपयुक्त विषयक बैंक पत्रांक सी–151/लेखा/2025–26 दिनांक 21.06.2025 एवं पत्रांक सी–150/लेखा/2025–26 दिनांक 21.06.2025 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा विभिन्न निक्षेपों पर अनुमन्य ब्याज दरें संसूचित की गयी थी। स्थानीय स्तर पर कार्यरत अन्य बैंकों एवं शीर्ष बैंक में लागू ब्याज दरों की समीक्षा उपरान्त बैंक में लागू सावधि निक्षेप ब्याज दरों में दिनांक 01.12.2025 से निम्नानुसार संशोधन करने का निर्णय लिया गया है:–

क्र0 सं0	अवधि	दिनांक 01.12.2025 से संशोधित ब्याज दर (एक करोड रू0 से कम जमा राशि पर)	दिनांक 01.12.2025 से संशोधित ब्याज दर (एक करोड रू0 एवं अधिक की जमा राशि पर, केवल नानकालेबल जमा हेतु)
1	15 से 45 दिन तक	3.00	-
2	46 से 90 दिन तक	4.50	-
3	91 से 180 दिन तक	5.00	-
4	181 दिन से 270 दिन तक	5.25	-
5	271 दिन से 364 दिन तक	5.50	-
6	1 वर्ष	**6.50**	**6.60**
7	1 वर्ष से अधिक किन्तु 3 वर्ष तक	6.40	-
8	3 वर्ष से अधिक किन्तु 10 वर्ष तक	6.35	-
9	444 दिन हेतु	**6.70**	-

- बचत खातों पर ब्याज दरें पूर्व की भांति 2.75 प्रतिशत रहेंगी।
- वरिष्ठ नागरिकों को उपरोक्त स्लैब पर सभी प्रकार की सावधि अमानत जैसे फिक्स्ड, रिइनवेस्टमेंट, रैकरिंग आदि पर 0.50 प्रतिशत अधिक ब्याज देय होगा।
- बैंक स्टॉफ को उपरोक्त के अतिरिक्त 1.00 प्रतिशत तथा वरिष्ठ नागरिक की श्रेणी में आने वाले सेवानिवृत्त बैंक स्टॉफ को (1.00 + 0.50) 1.50 प्रतिशत अधिक ब्याज पूर्ववत् देय होगा।
- स्टाफ सुविधा का लाभ बैंक मुख्यालय के पत्रांक सी–164/लेखा/2021–22 दिनांक 15.09.2021 के अनुसार ही देय होगा।
- **एक करोड रू0 एवं अधिक की जमा राशि पर, 6.60 प्रतिशत ब्याज दर सावधि अमानतों हेतु बैंक मे प्रचलित नानकालेबल विशिष्ट टर्म योजना के जी.एल. कोड (1055) पर लागू होगी।**
- शेष नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।

29/11/25
सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी
दिनांक 29/11/25

पत्रांक टी-325/लेखा/2025–26

प्रतिलिपि : – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. प्रभारी डाटा सेन्टर, बैंक मुख्यालय को इस निर्देश के साथ कि बैंक सॉफ्टवेयर में तदानुसार संशोधन कराने सुनिश्चित करें।
2. सचिव/प्रभारी, सहकारी निक्षेप केन्द्र, बी–पैक्स, जनपद–मुजफ्फरनगर एवं शामली।
3. प्रोजेक्ट मैनेजर, मेगासॉफ्ट इन्फोरमेशन सिस्टमस प्रा0, लि0, लखनऊ।
4. समस्त सदस्य ऑन्तरिक ऑडिट सेल, बैंक मुख्यालय।
5. समस्त अनुभाग अधिकारी, बैंक मुख्यालय।
6. समस्त उपमहाप्रबन्धक, बैंक मुख्यालय।
7. संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक, सहकारिता, सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।
8. सभापति महोदय, बैंक की सेवा में अवलोकनार्थ।

29/11/25
सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी